# खाद की होम डिलीवरी करेगी सरकार

## किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी जानकारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 19 दिसंबर. प्रदेश के किसान अब तक सहकारी सोसायटियों में आकर खाद का उठाव करते हैं, इसके लिये कई बार उन्हें लंबी कतारों के साथ ही देर तक इंतजार करना पड़ता है, लेकिन अब ये व्यवस्था आने वाले दिनों में इतिहास बनकर रह जाएगा.**



ये इसलिये कि प्रदेश में किसानों को ई-विकास प्रणाली के तहत किसानों को खाद की होम डिलीवरी सेवा मिलेगी. इस संबंध में जानकारी शुक्रवार को किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी. विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए मंत्री कंसाना ने कहा कि प्रदेश में मौसम आधारित बीमा योजना शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी. वहीं भावांतर योजनो के तहत किसानों को मूंगफली एवं सरसों का लाभ दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत आगामी वर्ष में एक हजार छियासठ किसान ड्रोन, महिला स्व-सहायता समूह को प्रदान कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जायेगा. मंत्री ने बताया कि नरवाई प्रबंधन के तहत सीबीजी प्लांट के साथ पराली को वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत के रूप में व्यवसायिक मॉडल विकसित किया जा रहा है. मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026 को कृषि वर्ष मनाये जाने का निर्णय लिया गया है. किसानों की आय बढ़ाने के लिये सरकार लगातार प्रयास कर रही है. इसी क्रम में खेती को प्राकृतिक खेती के माध्यम से जलवायु के अनुकूल बनाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है. इसी क्रम में डिजीटल एग्री के माध्यम से क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना एवं कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में विविधीकरणको बढावा देना का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने बताया कि सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है. हमारा लक्ष्य वर्ष 2026 में पराली जलाने की समस्या को 40 प्रतिशत कम किये जाने का है. उन्नत तकनीकी का उपयोग कर सरकार द्वारा पराली प्रबंधन का कार्य किया जायेगा. उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 259 मंडियों में ई-मण्डी योजना लागू है. हम आगामी तीन सालों में समस्त मंडियों को आधुनिक बनाने की ओर अग्रसर है.

उन्होंने कहा कि मप्र आज देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल है. सोयाबीन एवं मक्का के उत्पादन में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है तथा गेहूं, उड़द, मसूर, चना, सरसों, कुल तिलहन, कुल दलहन, कुल अनाज और मोटा अनाज में मप्र का देश में द्वितीय स्थान है. यह हमारे किसानों की मेहनत और सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का प्रतिफल है. प्रदेश के अन्नदाताओं की कड़ी मेहनत से ही यह उपलब्धियां हासिल करने में हम सफल हुये है.

# मातृशक्ति के सुमधुर गायन ने बांधा समां

### ग्वालियर में 101वें तानसेन समारोह का समापन



**ग्वालियर, 19 दिसंबर. मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर निगम, ग्वालियर एवं मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित 101वें तानसेन समारोह का समापन शुक्रवार को हो गया. अंतिम दिवस की सायंकालीन संगीत सभाएं ऐतिहासिक गुजरी महल के आंगन में सजी.**

इस सभा में सभी महिला संगीतज्ञों द्वारा ही गायन-वादन की प्रस्तुतियां दी जाती हैं. ध्रुपद गायन की प्रस्तुति देने मंच पर पधारे तानसेन संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर के शिक्षक और विद्यार्थी, उन्होंने सभा का शुभारंभ राग भूपाली के सुरों में आबद्ध चौताल की बंदिश- 'केते दिन गए लेखे' को बड़े सलीके से गाया. पखावज पर जगत नारायण शर्मा ने साथ दिया.

सभा की पहली प्रस्तुति दिल्ली की वरिष्ठ गायिका डॉ.नलिनी जोशी के गायन की रही. किराना घराने की सुविख्यात गायिका और पद्मविभूषण डॉ.प्रभा अत्रे की शिष्या डॉ. नलिनी के गायन में परम्परा और सुदीर्घ साधना साफ झलक रही थी. उन्होंने अपने गायन के लिए राग यमन का चयन किया. इसमें उन्होंने तीन बंदिशें प्रस्तुत की, जिसमें पहली विलंबित एक ताल की बंदिश थी, जिसके बोल 'सुमिरन श्री गणेश' थे. अगली प्रस्तुति द्रुत तीन ताल में निबद्ध थी, जिसके बोल 'जय जय श्री गणेश जय जय' थे. इस बंदिश ने गुजरी महल के आंगन को दिव्य और अलौकिकता के भाव से सजा दिया. अगली प्रस्तुति द्रुत एक ताल की रही, जिसमें उन्होंने संक्षिप्त तराना पेश किया. ये तीनों रचनाएं उनकी गुरु पद्मविभूषण डॉ. प्रभा अत्रे द्वारा रचित है.

## एक नजर में



### प्रेरणादायी महिलाओं को विशिष्ट सेवा सम्मान

**भोपाल, 19 दिसंबर.** निर्भया दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली रख्शां शमीम जाहिद और मीता वाधवा को विशिष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया. समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म पुलिस कमिश्नरेट महिला एवं बाल विकास विभाग और संगिनी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. कार्यक्रम के दौरान रख्शां शमीम जाहिद को महिला सशक्तिकरण के साथ विरासत और संस्कृति के संरक्षण में निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया. वहीं मीता वाधवा को समाज सेवा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया. सम्मान मध्यप्रदेश शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला और एडीजीपी महिला सुरक्षा अनिल कुमार द्वारा प्रदान किया गया. समारोह में महिला सुरक्षा सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया.

### सीएमएचओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**बैरसिया, 19 दिसंबर.** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा ने शुक्रवार को बैरसिया के सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल में शुरू होने वाली सोनोग्राफी सेवा की व्यवस्था देखकर प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि भ्रूण हत्या रोकने सोनोग्राफी नियमों का सख्ती से पालन करें. इसके बाद उन्होंने डिलिवरी पॉइंट, पीएनसी वार्ड और एनआरसी वार्ड का भी निरीक्षण किया. एनआरसी में कम बच्चे भर्ती होना पाया. इस संबंध में उन्होंने डीपीओ से बात की और सीडीपीओ के माध्यम से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी में भर्ती कराने को कहा. इधर गर्भवती महिलाओं को लड्डू न मिलने की शिकायत पर सीएमएचओ भड़क उठे. सीएमएचओ ने अस्पताल में व्यवस्था सुधारने के साथ साफ-सफाई के निर्देश दिए. मीडिया के सवाल पर सीएमएचओ डॉ शर्मा ने कहा कि डॉक्टर ड्यूटी टाइम में प्राइवेट प्रेक्टिस नहीं करेंगे. इसका असर आपको जल्द देखने को मिलेगा. साथ ही बीएमओ को निर्देशित किया कि वे झोलाछापों के क्लिनिक सीलकर कार्रवाई करें. और यह कार्रवाई दिखना भी चाहिए. बता दें कि सीएमएचओ के औचक निरीक्षण दौरान बीएमओ डॉ. पुष्पा गुरु नजीराबाद क्षेत्र में निरीक्षण पर थीं.

### अज्ञात कार ने मारी टक्कर, बचे युवक

**सलामतपुर, 19 दिसंबर.** रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर दीवानगंज पुरानी चौकी के पास सड़क हादसे का मामला सामने आया है. यहां एक अज्ञात वेगनआर कार ने सामने से आ रही ऑल्टो कार को टक्कर मार दी. हादसे में ऑल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार में सवार चार युवक बाल-बाल बच गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑल्टो कार विदिशा से भोपाल की ओर जा रही थी, जबकि वेगनआर कार भोपाल से विदिशा की दिशा में आ रही थी. टक्कर के बाद वेगनआर कार चालक मौके से फरार हो गया.

## अब हज के लिए 22 दिसंबर तक जमा कर सकेंगे राशि

**भोपाल.** हज कमेटी ऑफ इण्डिया ने हज-2026 के लिए तीसरी-प्रतीक्षा सूची के माध्यम से चयनित हज यात्री एवं मेहरम श्रेणी के अंतर्गत चयनित हज आवेदक के लिए राशि जमा करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर से बढ़ाकर 22 दिसंबर 2025 कर दी गई है. ऐसे हज आवेदक जिन्होंने अभी तक 2,77,300 रुपये (प्रथम किस्त 1,52,300 और द्वितीय किस्त 1,25,000) का पूर्ण भुगतान नहीं किया है, वह अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2025 तक आवश्यक रूप से राशि जमा सकते हैं.

## क्लीनिक पर कार्रवाई

**आष्टा 19 दिसंबर.** क्षेत्र के फर्जी झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी और सख्त कार्रवाई की गई. मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गठित निरीक्षण दल ने एक साथ ग्राम भोंरा, बड़ोदिया गाडरी एवं खाचरोद में छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया.



## सीएम से मिले इजरायल के महावाणिज्य दूत

**भोपाल, 19 दिसंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को मुम्बई प्रवास के दौरान इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच से सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इजरायली महावाणिज्य दूत रेवाच से कृषि, जल प्रबंधन, क्षमता निर्माण, पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास के संबंध में चर्चा हुई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इजरायली कंपनियां मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छुक हैं. इन इजरायली कंपनियों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आवश्यक प्रोत्साहन, भूमि आवंटन, एकल-खिड़की मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी.

# विद्यार्थियों को बताया उच्च शिक्षा का महत्व

### वीआईटी विश्वविद्यालय का कॉलेज चलो अभियान




**भोपाल/ सीहोर, 19 दिसंबर. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार 18 दिसंबर को शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'कॉलेज चलो अभियान' का आयोजन किया गया.**

इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक करना था. यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 12 के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर संरचित एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई. कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न विषयों में उपलब्ध करियर विकल्पों, छात्रवृत्ति अवसरों तथा संस्थागत सुविधाओं एवं सहायता प्रणालियों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई.

कार्यक्रम में आयोजित संवादात्मक सत्रों एवं मार्गदर्शित चर्चाओं के माध्यम से महाविद्यालय प्रवेश एवं करियर योजना से संबंधित सामान्य जानकारियों की कमी को दूर किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक निर्णय आत्मविश्वास के साथ लेने में सहायता मिली. विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से सीधे संवाद किया और उच्च शिक्षा से जुड़े प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया.

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कॉलेज चलो अभियान ने विविध पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को समयोचित मार्गदर्शन एवं जागरूकता प्रदान करते हुए उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया. यह कार्यक्रम स्वीकृत ढांचे के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें आयोजन टीम के समन्वित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. यह पहल विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के अगले चरण के लिए ज्ञान, दिशा एवं अवसर प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुई.

## व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### कर्ज से परेशान था सलामतपुर का इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी

**सलामतपुर, 19 दिसंबर. कस्बे के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी राहुल साहू ने गुरुवार रात अपने घर पर ही रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. राहुल ने सुसाइड नोट में अपनी बर्बादी के लिए भगवान और देवी देवताओं को दोषी बताया है.**



शुक्रवार को राहुल का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में होने के बाद सलामतपुर के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया. वहीं पुलिस ने फिलहाल मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है. जानकारी अनुसार सलामतपुर निवासी राहुल साहू पिता श्यामलाल साहू उम्र 35 वर्ष अपने घर में ही इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान संचालित करता था. बताया जा रहा है कि राहुल पर लाखों रुपये का कर्जा हो गया था. जिसकी वजह से बहुत परेशान था और शराब पीने लगा था. गुरुवार रात को उसने सोसाइड नोट लिखकर रस्सी का फंदा बनाकर छत पर लगे कुंदे में लगाया और आत्महत्या कर ली. जब तक परिजनों को जानकारी मिली तब तक राहुल की मौत हो चुकी थी.

# सारंग ने किया दो कॉलोनियों की समस्या का निराकरण

### गोकुलधाम और द्वारकाधाम कॉलोनी में बिजली का मामला

**भोपाल, 19 दिसंबर. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोकुलधाम एवं द्वारकाधाम कॉलोनियों में लंबे समय समस्या थी.**



विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर वस्तुस्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए. बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, भोपाल के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल सहित जिला प्रशासन, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं दोनों कॉलोनियों के रहवासी उपस्थित रहे. बैठक में बताया गया कि 29 नवंबर 2024 को लिये गये निर्णयों के उपरांत भी अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है. द्वारकाधाम कॉलोनी में रहवासियों द्वारा 17 लाख की राशि जमा कर दी है, किंतु बिल्डर द्वारा शेष 39 लाख का भुगतान नहीं किया, इससे वर्तमान में बिजली बिल का कुल बकाया 53 लाख रुपये हो गया है.

गोकुलधाम कॉलोनी के संबंध में निर्देश दिये गये कि कॉलोनीवासियों एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, भोपाल के मध्य परस्पर सहमति के आधार पर 31 दिसंबर 2025 तक विद्युत देयकों की कुल देय राशि का 50 प्रतिशत कॉलोनीवासियों एवं बिल्डर द्वारा जमा कराया जायेगा. उक्त राशि के जमा होने के बाद कॉलोनी की विद्युत समस्या के निराकरण के लिए बिजली कंपनी द्वारा आवश्यक कार्यादेश (वर्क ऑर्डर) जारी किये जाने की अनुमति दी जाएगी.

# हत्या के आरोपियों का पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

**बैतूल, 20 दिसंबर. नाबालिग विवेक मरकाम की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है.**

शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अन्नू ठाकुर, उसके पिता कृपाल ठाकुर और साथी जुनैद का जुलूस निकाला। तीनों को अन्नू के घर चुन्नीढाना से गंज के व्यस्त इलाके और कोठीबाजार के मुख्य मार्गों पर कान पकड़कर घुमाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा और राहगीरों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस सनसनीखेज हत्या प्रकरण में पुलिस ने अब तक अन्नू ठाकुर, पिता कृपाल ठाकुर, जुनैद और दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन आरोपी अब भी फरार हैं। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 17 वर्षीय विवेक मरकाम की चुन्नीढाना क्षेत्र में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी उसे सागौन बाबा दरबार से अगवा कर वहां ले गए थे। विवेक की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। गिरफ्तार अन्नू और जुनैद को भारत भारती क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि कृपाल ठाकुर को उसके घर से हिरासत में लिया गया.

# जैविक खाद और पॉली हाउस के नाम पर की धोखाधड़ी

### यूपी का गिरोह धराया, खंडवा में लगा चुके है चपत

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. जिले के तीन थानों क्षेत्रों में किसानों से पॉली हाउस और जैविक खाद की एजेंसी के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने वाले यूपी गिरोह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है.**

गिरोह के 15 सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है. ये गिरोह खण्डवा जिले में भी किसानों को इसी प्रकार झांसा देकर लाखों ऐंठ चुका है. मामले में करनवास, खुजनेर और नरसिंहगढ़ पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन चलाकर घटना की छानबीन की और यूपी के गोरखपुर के 15 युवाओं को धर दबोचा है.

ऑपरेशन किसान रक्षक अभियान की निरंतर कार्रवाई पॉलीहाउस/ऑर्गेनिक खाद सब्सिडी के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह पर लगातार शिकंजा कुल 30 लाख 52 हजार का मशरुका जब्त किया है. लंबे समय से थाना करनवास में पॉलीहाउस, ऑर्गेनिक खाद एजेंसी, सब्सिडी एवं कमीशन का झांसा देकर ठगी के साथ ही थाना खुजनेर कें ऑर्गेनिक खाद एजेंसी दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज दिखाकर ठगी और इसी प्रकार थाना नरसिंहगढ़ में भी गिरोह द्वारा पूर्व में समान प्रकृति की ठगी की वारदातें की थी.

### खण्डवा में की वारदात, लाखों का माल बरामद

पकड़े गए 15 आरोपियों के गिरोह ने राजगढ़ जिलके साथ ही खंडवा में भी लगभग 30 लाख रूपए की ठगी किसानों के साथ की थी. वहां भी इस संबंध में पृथक अपराध पंजीबद्ध है. पूर्व में जप्त 26 लाख 72 हजार नगद, 16 लाख 16 हजार की कार सहित अनुमानित कीमत 10 लाख, 28 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत 56 हजार बताई जा रही है. इसके बाद की कार्रवाई में जब्त थाना खुजनेर में 1 लाख नगद, थाना करनवास में पंजीबद्ध अपराध में 80 हजार नगद और थाना नरसिंहगढ़ में दर्ज अपराध में 2 लाख रूपए नगद बरामद किए है. इस प्रकार ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत कुल लगभग 30 लाख 52 हजार का मशरूका जप्त किया गया है.

# कोटवारों ने कहा अधिकारी बर्तन, कपड़े धुलवाते हैं...

**राजगढ़ 19 दिसम्बर, का. अपनी विभिन्न मांगों को समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में जिले के कोटवारों ने कलेक्टर कार्यालय में पहुंचे धरना दिया और ज्ञापन सौंपा. शुक्रवार को कोटवार संघ के बैनर तले पहुंचे कोटवारों ने अधिकारियों पर निजी काम कराने का आरोप लगाया.**

कोटवारों का कहना है कि उनसे उनके निर्धारित कामों जैसे राजस्व और चौकीदारी के बजाय अफसरों के घरों में निजी काम झाड़ू-पोंछा, बर्तन साफ करने और सब्जी लाने जैसे निजी काम कराए जाते हैं. कोटवारों ने कहा कि नियमानुसार बेगारी नहीं की जा सकती है. कोटवार संघ के जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल दुबे ने अपनी मुख्य मांगें बताईं. उन्होंने कहा कि कोटवारों को वर्दी की जगह उसकी राशि सीधे खातों में दी जाए. कोटवारों के बीमा की एक लाख रुपए की लंबित राशि का शीघ्र भुगतान हो. हर वर्ष अप्रैल माह से वेतन वृद्धि लागू की जाए और सेवानिवृत्त कोटवार के बेटे को नियुक्ति मिले. इसके अतिरिक्त, कोटवारों की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे तत्काल हटाए जाएं. उन्होंने वर्ष 2007 में जारी उस आदेश का सख्ती से पालन कराने की भी मांग की, जिसमें कोटवारों से किसी भी प्रकार की बेगारी न लेने की बात कही गई है. कोटवारों ने बताया कि उन्हें वेतन समय पर नहीं मिलता और चौकीदारी के नामांतरण जैसे कामों के लिए भी पैसे देने पड़ते है. कोटवार ने आरोप लगाया कि कई अधिकारी आज भी उनसे अपने घरों में झाड़ू-पोंछा, बर्तन साफ करने, बगीचे का काम और बाजार से सब्जी लाने जैसे निजी काम कराते है.

कार्यक्रम | निटर में नवाचार पर व्याख्यान का आयोजन

# उद्यमिता व्यापक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका

**भोपाल, 19 दिसंबर. राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा सामाजिक उद्यमिता एवं नवाचार विषय पर विराग बौहरे, राग इनोवेशन का व्याख्यान का आयोजन किया.**



राग इनोवेशन मासिक स्वच्छता प्रबंधन और कम लागत वाली निर्माण तकनीकों के क्षेत्र में कार्यरत एक प्रमुख सामाजिक उद्यम है. व्याख्यान में बौहरे ने अपनी उद्यमिता यात्रा को सफलता की कहानी के रूप में नहीं, बल्कि वास्तविक जीवन से प्राप्त सीख, चुनौतियों, असफलताओं और अनुभवों के रूप में साझा किया. उन्होंने सामाजिक उद्यमिता के महत्व को रेखांकित किया और कैसे यह समाज के विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है. उद्यमिता केवल लाभ कमाने का साधन नहीं, बल्कि यह समाज के व्यापक बदलाव में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इस सत्र में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्मित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई. निटर के निदेशक प्रो. सी.सी त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में स्टार्टअप्स और नवाचार समाज की दिशा और दशा को बदलने के लिए अहम कारक बन गए हैं. हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपनी उद्यमिता की क्षमता का इस्तेमाल न केवल आर्थिक लाभ के लिए, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करें.

इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. वी. के. त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग ने की तथा सत्र के समन्वयक प्रो. श्रीनू थे. व्याख्यान में संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया.

श्री बौहरे का अनुभव यह स्पष्ट करता है कि एक सफल स्टार्टअप केवल वित्तीय दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि यह समाज के विभिन्न मुद्दों को हल करने और जीवन स्तर को सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. इस सत्र में मासिक धर्म पर खुली चर्चा एवं सामाजिक वर्जनाओं, सामाजिक परिवर्तन में अभियंताओं एवं शिक्षकों की भूमिका, दंतेवाड़ा (छग) और हिमालयी सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्य करने के अनुभव एवं टीम निर्माण, अनुपालन एवं कार्य अनुशासन का महत्व प्रमुख विषय रहे.